# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023






SHOWROOMS: CHHATTISGARH: BILASPUR: RENAULT Bilaspur Mob: +91 8448981103. AMBIKAPUR: RENAULT Ambikapur Mob: +91 8448987107. BALODA BAZAR: RENAULT Baloda Bazar Mob: +91 8448481393. BHILAI: RENAULT Bhilai Mob: +91 7290017807. DHAMTARI: RENAULT Dhamtari Mob: +91 7838724613. JAGDALPUR: RENAULT Jagdalpur Mob: +91 7428297117. KORBA: RENAULT Korba Mob: +91 9319184879. RAIPUR: RENAULT Raipur Mob: +91 7290017983, RENAULT Mowa Mob: +91 8448481395. RAJNANDGAON: RENAULT Rajnandgaon Mob: +91 7428438931.

## खबर संक्षेप



### रंगारंग कार्यक्रम के साथ शिविर का समापन

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरी के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों की ओर से ग्राम पंचायत नवागांव कला में सात दिवसीय नशामुक्त समाज के लिए युवा विशेष शिविर 4 से 10 दिसंबर तक आयोजन किया गया था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती ए कुजूर, प्राचार्य छुरी, अध्यक्षता श्रीमती अमिता लखन सिंह कंवर, गब्बर सिंह कंवर एवं छुरी विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे। शिविर में प्रतिदिन श्रमोदान के तरह कच्ची सड़क का मरम्मत कार्य, शाला मैदान को समतल बनाना, सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई, सोख्ता गड्ढे का निर्माण, कम्पोस्ट खाद का निर्माण प्रशिक्षण, कुंआ, नल, नाली व गली की सफाई, तालाब की सफाई व गृह वाटिका का निर्माण कार्य, बौद्धिक चर्चा, जनचेतना रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा शिक्षाप्रद नाटक, गीत, नृत्य का आयोजन किया गया। शिविर में श्रीमती रीना निर्णेजक, हरदयाल सिंह कंवर, फिरतराम पटेल, श्रवण कश्यप, नरोत्तम, सनत पटेल, सुनील नामदेव, बजरंग देवांगन, विनय भारिया, शिव साहू, ईश्वर, रघुवीर, देव हंस, रामशंकर, मिथलेश, अतुल, गौकरण, महावीर, दर्शन, विनोद दास, प्रशांत, योगेश, विश्वनाथ, विमल, यशवंत, विवेक, प्रशांत, राजू कंवर, मनीष भारिया, राधिका कश्यप, जया हंस, अंजना, प्रिया, रोशनी, कामनी, सुमन का योगदान रहा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम




**कोरबा।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा राष्ट्रव्यापी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत के सभाकक्ष में समस्त सीडीपीओ और पर्यवेक्षको का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जनजागरुकता हेतु जागरूकता वाहन नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा समुदाय आधारित गतिविधि सुपोषण चौपाल, टीएचआर वितरण दिवस गृह भेट के दौरान समस्त हितग्राहियों को कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। जिसके अंतर्गत स्वस्थ बालक स्पर्धा मापदण्ड, मासिक वृद्धि निगरानी, बच्चे की व्यक्तिगत स्वच्छता पोषण स्तर, 3 से 5 साल के बच्चे का गर्म भोजन, 6 माह से 3 वर्ष के आयु के बच्चो हेतु 'रेडी टू ईट' टीकाकरण, कृमिनाशक आदि मापदंडों में 50 अंक में आंकलन किया जाएगा। स्वास्थ्य बालक स्पर्धा के लिए मूल्यांकन टीम आईसीडीएस परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत प्रतिनिधि वार्ड सदस्य, स्वास्थ्य अमला व शिक्षक होंगे। इसी प्रकार मेरी कहानी मेरी जुबानी के अन्तर्गत लाभार्थियों द्वारा योजना के लाभ के बारे में उनके अनुभव बताने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत से 5 लाभार्थियों की पहचान करना और उसका स्क्रिप्ट तैयार कर ऑनलाइन पोर्टल में जानकारी दर्ज किया जाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा कार्यक्रम स्थल में ऑन-स्पॉट पंजीकरण किया जाएगा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती चखियार व जिला महिला बाल विकास अधिकारी गजेंद्र देव सिंह के द्वारा कार्य योजना तैयार किया गया। कार्यशाला में आईसीडीएस के दस परियोजना अधिकारी और समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### उर्जाधानी कोरबा बनी सांड सिटी, मार्ग पर संभलकर चले हरपल जान को खतरा

**कोरबा।** निगम क्षेत्र के प्रायः हर वार्ड के नागरिक गली मोहल्ले में विचरण करते मवेशियों से काफी त्रस्त हैं। आए दिन इन मवेशियों की वजह से हादसे भी होते रहे हैं। लालूराम कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति की सांड की वजह से मृत्यु भी हो चुकी हैं। हादसे के बाद निगम अमला आवारा मवेशियों को दिन रात पकड़ते नजर आया और कुछ समय बाद यह अमला मानो गायब ही हो गया। टीपी नगर स्थित प्रेस परिसर में प्रतिदिन शाम रात के वक्त 10 से 15 मवेशियों को देखा जा सकता हैं। एक बार तो सांड ने एक दफ्तर के चमचमाते शीशे के दरवाजे को ही तोड़ डाला था। गुरुवार 7 दिसम्बर को अंचल में बीच सड़क पर आपस में लड़ाई कर रहे 2 सांड चर्चा का विषय बन गए, जहां आने-जाने में लोग परेशान हो रहे थे। वहीं मवेशियों के प्रति जिम्मेदार नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा हैं। मवेशियों के इस तरह से लड़ाई आम जनता के लिए मुसीबत बन रही है और हादसे को निमंत्रण भी दे रही हैं। सड़क पर मौजूद मवेशियों के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। अंचल के कोसाबाड़ी क्षेत्र मुख्य मार्ग पर ब्लूबर्ड स्कूल के पास 2 सांड आपस में लड़ाई करते हुए देखे गए। करीब एक घंटे तक दोनों सांड आपस में लड़ते रहे। इस कारण सड़क पर हादसे की आशंका काफी बढ़ गई थी।

## घंटाघर ओपन थियेटर में चल रही कथा

# भागवत कथा में प्राणी कल्याण के सारे गुण व्याप्त : गोस्वामी




कथा का रसपान करते श्रद्धालु एवं कथा वाचन करते आचार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रीमद् भागवत कथा में वह सारे गुण व्याप्त है जिनके माध्यम से प्राणी अपना कल्याण कर सकता है, साथ में परिवार व उनसे जुड़े हुए लोगों का भी कल्याण होता है। जीवन में जब अवसर मिले समय निकालकर प्रत्येक व्यक्ति को भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए।

उक्त बातें आचार्य पवनकृष्ण गोस्वामी ने घंटाघर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रोतागणों से कही। कथा में सामुहिक जय-जयकार के बीच पूर्व श्रद्धाभाव के साथ श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। आचार्य पवन कृष्ण गोस्वामी ने बताया कि बांकेबिहारी का पाने के लिए कोई उम्र निर्धारित नहीं है। प्रभु को कोई भी कभी भी पा सकता है। बस प्रभु के चरणों में अनुराग होना चाहिए। प्रभु के कथाओं से हमें जीवन जीना सिखाता है। मानव मे मानवता लाता है। हमारी सोच में परिवर्तन लाते है। कथा हमारे मन मे प्रभु के लिए अनुराग जगाता है और इसी प्रकार अनुराग से हम भवसागर पार कर जाते है। पवन कृष्ण गोस्वामी जी के प्रिय भजन काम ना छोड़ा, क्रोध ना छोड़ा, तो हरी का भजन क्यों छोड़ दिया, तुने हरी का भजन क्यों छोड़ दिया पर श्रोता मंत्रमुग्ध होकर भावभिवोर हो गये। श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस में आचार्य गोस्वामी पवन कृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान का परम भक्त प्रहलाद, जिसे हिरण्यकशिपु के द्वारा अति भयंकर कष्ट दिये गये। यहां तक कि श्री प्रहलाद जी को विष पिलाया गया, हाथी से कुचलवाया गया, अग्नि में जलाया गया, तरह-तरह की यातनाएं दी गई परन्तु श्री प्रहलाद हर जगह अपने प्रभु का ही दर्शन करते थे। इसलिए उन्हें कहीं भी किसी भी प्रकार की पीड़ा का एहसास नहीं हुआ। उन्हें विश्वास था कि हमारे प्रभु सदा-सर्वदा सर्वत्र विराजमान रहते है तो प्रभु श्री नरसिंह भगवान भक्त के विश्वास को पूर्ण करते हुए खंभे से प्रकट होकर यह दिखा दिया कि भक्त की इच्छा एवं विश्वास को पूर्ण करने के लिये वह कहीं भी किसी भी समय प्रकट हो सकते है। कथा दोपहर 3 बजे से आरंभ होकर रात 9.30 बजे तक चला। कथा के समापन पश्चात मुख्य जजमान राहुल वासन ने सपरिवार विधि विधान के साथ आरती की तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कथा में मुख्य रूप से पूर्व जयसिंह अग्रवाल, विधायक लखनलाल देवांगन, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल, श्रीकांत बुधिया, राहुल वासन, ममता वासन, साहिल वासन, अजय केडिया, नवीन अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वच्छाग्रहियों द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण का किया जा रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छ भारत अभियान) के तहत कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छाग्रहियों द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा मोहल्ले एवं वार्डों की भी साफ सफाई की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

**खास बात**

- ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थों के सुरक्षित निपटान के लिए आम नागरिकों को किया जा रहा जागरुक

इसी कड़ी में नगर निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोन वार्ड क्रमांक 22 व 23 एवं रविशंकर जोन क्रमांक 24 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगर के टैक्सी स्टैण्ड, खेल मैदान, सामुदायिक भवन के साथ-साथ सुभाष चौक के आस-पास क्षेत्र के आवासीय परिसरों, सड़कों के किनारे फैले हुए अपशिष्ट पदार्थों मलबा, कचरा आदि की सफाई किया गया तथा घरों, दुकानों से उत्सर्जित अपशिष्ट को सड़कों तथा सार्वजनिक स्थलों पर नहीं फेंकने हेतु नगर वासियों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छाग्रहियों द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सभी दिशा पर कार्य करते हुए ग्रामों को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का कार्य कर रहे हैं। स्वच्छाग्रहियों द्वारा गांव को स्वच्छ रखने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के लिये जागरूकता अभियान चलाकर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक-पृथक निपटान करने की जानकारी दी जा रही है। ग्राम पंचायतों में जल स्त्रोतों के समीप एकत्रित होने वाले गंदे पानी के सुरक्षित निपटान हेतु सोख्तापिट सहित अन्य संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। स्वच्छता जागरूकता हेतु महिलाएं ग्रामों में बैठकें, जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीण परिवेश में स्वच्छ वातावरण तैयार कर रहे हैं। साथ ही ग्राम वासियों को बीमारियों से बचाने हेतु स्वच्छता की महत्ता बताने का कार्य किया जा रहा है एवं सामूहिक श्रम दान के माध्यम से मंदिर, बस स्टैण्ड, तालाब आदि सार्वजनिक स्थलों की सफाई की जा रही है।

# अब खुली खदानों की जगह भूमिगत खदानों में कोयला उत्पादन पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोल इंडिया प्रबंधन अब खुली खदानों की जगह भूमिगत खदानों पर फोकस कर रहा है। जिससे हरे भरे पेड़ों की कटाई और जमीन अधिग्रहण को लेकर पेंच नहीं फंसेगा। पहले ही पर्यावरण, वन मंत्रालय व राज्य सरकार की अनुशंसा पर प्रदेश के लगभग 10 प्रतिशत आरक्षित क्षेत्र वाले नए कोल ब्लाकों को कमर्शियल माइनिंग की नीलामी सूची से हटा दिया गया है।

**खास बातें**

- पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की कवायद
- राज्य के लगभग 10 प्रतिशत आरक्षित क्षेत्र वाले कोल ब्लाक नीलामी सूची से बाहर




**एक हजार लाख टन कोयला उत्पादन की योजना**

कोयला मंत्रालय ने देशभर की भूमिगत खदानों से वर्ष 2028 तक 300 लाख टन व वर्ष 2030 तक 1,000 लाख टन कोयला उत्पादन का रोड मैप तैयार किया है। ओपनकास्ट की तुलना में भूमिगत खदान से कोयला उत्पादन करने में लागत अधिक आती है। इन दिनों अत्याधुनिक कंटीव्यूनर्स कोल कटर मशीन से न केवल भूमिगत खदानों में उत्पादन आसान हो गया है, बल्कि श्रमबल की आवश्यकता भी कम पड़ती थी।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सुझावों की अनदेखी कर कोयला मंत्रालय, कामर्शियल माइनिंग करने के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ के घने जंगल क्षेत्र में आने वाले 40 नए कोल ब्लाकों को नीलामी के अगले दौर के लिए बाहर कर दिया गया है। इसमें हसदेव अरण्य व लेमरू अभयारण्य के कोल ब्लाक अधिक हैं। गैर अधिसूचित किए गए क्षेत्रों में अब निजी सेक्टर के माध्यम से खानों के प्रचालन में भूमिगत खनन में रुचि आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन प्रविधानों पर भी विचार किया जा रहा है। यहां बताना होगा कि कोयला मंत्रालय के प्रयासों के परिणामस्वरूप, पिछले पांच वर्षों के दौरान कोयले की कुल खपत में आयात का हिस्सा 26 प्रतिशत से घटकर 21 प्रतिशत हो गया। फिर भी, भारत भारी विदेशी मुद्रा खर्च करके सालाना 2 हजार लाख टन से अधिक कोयले का आयात कर रहा है। पिछले साल भारत ने कोयले के आयात बिल पर 3.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किए। भारत में कोयले का चौथा सबसे बड़ा भंडार है। इसलिए घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा, ताकि आयात पर निर्भरता में कमी लाई जा सके। यही वजह है कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से निरस्त किए गए खदानों में हरित उत्खनन की संभावनाएं तलाशी जा रही।

# धर्मांतरण के लिए प्रचार प्रसार कर रहे लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार कर रहे समुदाय विशेष के लोगों के खिलाफ धर्म जागरण खंड और भाजपा जनता युवा मोर्चा ने पुलिस से शिकायत की है। उनका आरोप है कि धर्म परिवर्तन की मंशा से कुछ लोग प्रचार प्रसार कर रहे हैं। उनके द्वारा हिंदू लोगों को यह भी कहा जा रहा है कि तुम बीमार हो और हम ठीक करेंगे। इसके लिए वे कैमिकल युक्त पानी भी पिला रहे थे।

**खास बातें**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भैसमा का मामला
- कैमिकलयुक्त जल पिलाने और सर्वे के बहाने धर्म परिवर्तन कराने का आरोप



पुलिस में शिकायत करते हुए।

हिन्दू धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार एवं धर्म में मतांतरण कराने वालों के खिलाफ हिन्दू संगठनों द्वारा पुलिस थाना उरगा में यह शिकायत की गई है। धर्म जागरण खंड संयोजक एवं भाजयुमो उरगा मंडल अध्यक्ष किशन साव ने कहा कि उन्हें विश्व हिन्दू परिषद जिला सह संयोजक अखिलेश जायसवाल ने कॉल कर बताया गया कि भैसमा निवासी जानकी प्रसाद कौशिल के यहां और आसपास के घरों में कुछ लोग हिन्दू धर्म के खिलाफ प्रचार करते हुए अन्य धर्म अपनाने प्रेरित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वे अपने कार्यकर्ताओं दिलीप कौशिक, जीवन जायसवाल, राहुल श्रीवास व गोल्डी के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक धर्म विशेष के प्रचारक लोगों को जबरन तुम बीमार हो व हम तुम्हें ठीक कर देंगे कहकर केमिकल युक्त जल पिलाया जा रहा था। पास के मोहल्ले में उनके कुछ अन्य साथी अपने धर्म के परिवारों का सर्वे के सर्वे बहाने से घर घर जाकर हिन्दू धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे थे। ग्रामीणों तथा हिन्दू संगठनों को इसकी जानकारी मिलते हिंदू संगठनों के लोग बड़ी संख्या में जुट गए। भाजपा नेता जोगेंद्र कौशिक, धर्म जागरण प्रान्त परियोजना प्रमुख शंकर दयाल साव, सह प्रमुख भोजराम देवांगन, सुनील सिंह, राजनारायण गुप्ता, संघ से अनाराम देवांगन, रामकुमार साहू, फागुराम श्रीवास, विहिप से जिला सह संयोजक अखिलेश जायसवाल, वासु सुर, युवा मोर्चा से शुभम हलवाई व अन्य मौके पर पहुँच गए।

मतांततरित कर रहे लोगों से पूछे जाने पर अपने धर्म का प्रचार व सर्वे करने की बात कही गई। पहचान पत्र पूछने पर वे गोल मोल बात टालते रहे। इस बीच पूर्व विधायक ननकीराम कंवर और उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी भी दल बल के साथ मौके पर पहुँच गए। थाना प्रभारी द्वारा पूछताछ कर उन्हें समझाइश दी और लौट जाने को कहा गया। उसके बाद हिन्दू संगठनों के द्वारा थाना पहुंचकर उन धर्म प्रचारकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कड़ी कार्यवाही करने कि मांग की गई है।

# शादी के छह माह बाद नवविवाहिता ने लगाई फांसी, परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के गोधनपुर में नव विवाहिता ने अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर ली है। नव विवाहिता की लाश घर के कमरे में लटकी हुई मिली है। युवती की मौत के मामले में परिजन ने उसकी हत्या का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया है। मृतिका के पिता व चाचा का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। इसके साथ ही ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा गांजा बेचने का व्यवसाय भी किया जाता था। मृतिका के परिजन ने पुलिस की मौजूदगी में घर से गांजे का पौधा भी बरामद कराया लेकिन मौके का फायदा उठाकर ससुराल पक्ष के लोगों ने गांजा के पौधा को गायब कर दिया।

- दहेज के लिए किया जाता था प्रताड़ित, परिजन ने कहा गांजा का अवैध कारोबार करते थे ससुराल पक्ष के लोग

अब मृतिका के परिजन ने मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम आरा के मांझापारा निवासी अब्दुल रऊफ की पुत्री रुखसाना खातून का विवाह छह माह पूर्व गोधनपुर निवासी राशिद मंसूरी से हुआ था। इस बीच आज परिजन को सूचना मिली थी कि नव विवाहिता ने घर के कमरे में ही फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन सबसे पहले गांधीनगर पुलिस थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी जहां कमरे में नव विवाहिता की लाश लटकी हुई थी। पुत्री की लाश लटका हुआ देखकर परिजन में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा युवती की लाश को मार्ग कायम कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं इस घटना के मामले में परिजन ने ससुराल पक्ष पर पुत्री की हत्या का आरोप लगाया गया है। मृतिका के पिता अब्दुल रऊफ ने बताया कि छह माह पूर्व उन्होंने अपना टैक्टर बेचकर सबसे छोड़ी बेटी की शादी की थी और



मतिका की लाश को बाहर निकालते परिजन।

शादी में बेटी को पांच लाख रुपए व दहेज का सामान दिया था। शादी के बाद डेढ़ माह तक तो सबकुछ ठीक रहा लेकिन उसके बाद ससुराल पक्ष द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। बीच बीच में 5 हजार, 10 हजार तो कभी 15 हजार रुपए उन्होंने बेटी के पति को दिए। शुक्रवार को भी अंतिम बार बेटी का फोन पिता के पास आया था और उसने दो हजार रुपए मांगे थे। उस वक्त पिता ने कहा था कि सोमवार को वे उन्हें पैसा दे देंगे लेकिन इसके पहले ही उनकी बेटी की मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि युवती की हत्या कर उसे आत्म हत्या का रूप दिया गया है। उन्होंने मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

**चल रही है जांच**

नव विवाहिता के आत्म हत्या की जानकारी मिली थी। पुलिस द्वारा मर्ग पंचनामा कर घटना की जांच की जा रही है। परिजन ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गांजा का पौधा कहां से आया इसकी भी जांच की जा रही है।
-स्मृतिक राजनाला, सीएसपी

*__कोरबा।__ निगम क्षेत्र के प्रायः हर वार्ड के नागरिक गली मोहल्ले में विचरण करते मवेशियों से काफी त्रस्त हैं। आए दिन इन मवेशियों की वजह से हादसे भी होते रहे हैं। लालूराम कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति की सांड की वजह से मृत्यु भी हो चुकी हैं। हादसे के बाद निगम अमला आवारा मवेशियों को दिन रात पकड़ते नजर आया।

## पृष्ठ 3 का शेष

### लूट व मारपीट...

वारंट जारी होने पर मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचे, जहां से डॉक्टरी परीक्षण उपरांत आरोपियों को जिला जेल ले जाया गया। इस दौरान पेशी के लिए गए बंदी भी जेल दाखिल हो रहे थे। उनके पीछे आरक्षक संजय साहू दो आरोपी विजय और अर्जुन को लेकर जेल के भीतर चला गया, जबकि मुख्य आरोपी राहुल चौहान बाहर ही था। जेल के दरवाजे को दोबारा खोलकर देखा गया तो आरोपी राहुल चौहान फरार हो चुका था। घटना के वक्त नगर सैनिक राजेश दुबे वाहन में बैठा था वहीं दूसरा आरक्षक रतन राठौर दूर खड़ा था। उन्हें आरोपी के फरार होने की भनक तक नहीं लगी।

### अपचारी बालक...

उसके बांये हाथ की कलाई के पास गंभीर चोंट आयी। उसके हाथ से खून निकलने लगा तब अपचारी बालक बोला कि वह उसके भाई कुलदीप को मार दिया है उसे भी मारकर हत्या कर देगा कहकर धमकी देने लगा। बाद में कुलदीप केंवट का अपचारी बालक तथा उसकी मां ईलाज के लिए बांकीमोंगरा अस्पताल ले गये। जहां ईलाज के दौरान कुलदीप केंवट की मौत हो गई। प्रकरण में माननीय बालक न्यायालय कटघोरा द्वारा अपचारी बालक को दोषी पाते हुए धारा 302, 307 के तहत 10 वर्ष साधारण कारावास तथा 500 रू. के अर्थदण्ड से दंडित किया गया अर्थदण्ड की राशि अदा नही करने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### शाखा डाकघर में...

प्रदर्शन कर अपनी मांगों के संबंध में डाक अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर हड़ताल पर जाने की सूचना दी। संघ के अध्यक्ष सुखदेव कैवर्त ने बताया कि पिछले लंबे समय से ग्रामीण डाक सेवक अपनी मांगों को लेकर कई बार सरकार के सामने मांग पत्र रख चुके हैं। कई चरणों में हड़ताल के द्वारा सरकार को अवगत भी करा चुके हैं। उसके बावजूद भी सरकार का ध्यान उनकी मांगों की ओर नहीं गया। मांगों के विषय पर श्री कैवर्त ने बताया कि 8 घंटे का काम लेना अनिवार्य है। उससे अधिक अवधि काम लेने का संघ विरोध करता है। इसके अलावा डाक सेवकों के लिए कमलेश चंद्र कमेटी द्वारा केंद्र सरकार को की गई सिफारिशों को लागू करने की मांग शामिल है। इसी तरह सेवा निर्वाह भत्ता को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करने एवं पेंशन प्रदान करने के साथ ही समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को लागू करना तथा कर्मचारियों में शासकीय सुविधाओं को लाभ देने के मामले में भेदभाव को समाप्त करना उनकी प्रमुख मांगों में शामिल है। आज के प्रदर्शन में नरेश राम यादव, नारायण चौधरी, शिव मरकाम के अलावा बीडी मनकारी सहित ग्रामीण डाक सेवक संघ शामिल थे।

### नई सरकार के...

तैयारी की गई थी। महिला बाल विकास विभाग के 135 केंद्र ऐसे थे जो जर्जर थे जिनकी जगह नए केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था उस प्रस्ताव पर विभागीय स्वीकृति नहीं मिलने से जर्जर केंद्रों का मरम्मत कार्य या नवनिर्माण कार्य शुरु ही नहीं हो सका है।




तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

2 भागवत कथा में प्राणी कल्याण के सारे गुण व्याप्त : गोस्वामी



## खबर संक्षेप

### सीईओ ने कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**कोरबा।** नई चेतना जेण्डर 2.0 राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत परिसर में सीईओ श्री विश्वदीप ने जिला पंचायत के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध शपथ दिलाई। जिला पंचायत के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारियों ने हिंसा हर रूप में गलत है, हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने, महिलाओं को उचित सम्मान देने और नई चेतना को उजागर करने साथ ही खुद हिंसा ना करने और ना ही हिंसा होने देने की शपथ ली। इस दौरान उप संचालक पंचायत सुश्री जूली तिर्की सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### परीक्षार्थी अब 19 दिसंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**कोरबा।** एयू संबद्ध महाविद्यालयों के सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को आवेदन के लिए एक और अवसर दिया है। परीक्षार्थी अब 19 दिसंबर तक समय दिया गया है। महाविद्यालय में 25 दिसंबर तक जमा कर सकते हैं।गौरतलब है कि इसके पहले एयू ने परीक्षार्थियों को 30 नवंबर से नौ दिसंबर तक समय दिया गया था। 10 दिसंबर से 14 दिसंबर तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन जमा करने की तिथि घोषित की गई थी। जिसे बढ़ा कर 19 दिसंबर कर दी गई है। ऐसे में प्रबंधन ने विद्यार्थियों को एक और अवसर दिया है। परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए पोर्टल खोल दिया है। परीक्षार्थी अब 19 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके बाद भी आवेदन से वंचित होने पर विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क के साथ 200 रुपए का विलंब शुल्क का भुगतान करना होगा। विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ 20 दिसंबर से 24 दिसंबर तक का समय दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद विद्यार्थियों को फॉर्म की प्रिंटआउट, शुल्क रसीद सहित अन्य स्वप्रमाणित आवश्यक दस्तावेज करना अनिवार्य है।

### 18 एवं 19 दिसम्बर को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** 18 दिसम्बर को गुरू घासीदास जयंती एवं 19 दिसम्बर को संत तारण तरण जयंती के विशिष्ट पावन अवसर पर नगर पालिक निगम केरबा क्षेत्रांतर्गत पशुवध कार्य व मांस बिक्री की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्र के समस्त वधशालाओं व पशुवधकर्ताओं को आदेश देते हुए कहा गया है कि वे 18 एवं 19 दिसम्बर को किसी भी प्रकार का पशुवध कार्य न करें, मांस का विक्रय न करें तथा दुकानों को बंद रखें। यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय करते पाया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

### सीबीएससी ने जारी किया बोर्ड परीक्षा की समयसारणी

**कोरबा।** सीबीएससी ने 10वीं व 12वीं परीक्षाओं की तारीखों का ऐलान कर दिया है। 15 फरवरी से परीक्षा शुरू होगी। 10वीं के एक्ज़ाम 15 फरवरी से 13 मार्च और 12वीं की परीक्षा 15 मार्च से 2 अप्रैल तक होगी। बता दें कि सीबीएसई डेटशीट को परीक्षा शुरू होने की तिथि से 50-60 दिन पहले जारी करता है। सीबीएसई द्वारा जारी डेटशीट के मुताबिक परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली परीक्षा सुबह 10.30 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 1.30 बजे तक चलेगी। दूसरी परीक्षा सुबह 10.30 से 12.30 बजे तक चलेगी। दो विषयों के बीच में पर्याप्त गैप होना चाहिए। कक्षा 12वीं की डेटशीट बनाते समय जेईई मेंस की परीक्षा का ध्यान रखा गया है। इन डेटशीट को बनाते समय इस बात का ध्यान रखा गया है कि दो सब्जेक्ट के एग्जाम एक ही तारीख पर ना पड़े। परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे से रहेगा। डेटशीट को परीक्षा से काफी दिनों पहले जारी किया गया है।

# अब स्कूलों के यूडाइस कोड में दर्ज हो रहा है छात्रों का ब्लड ग्रुप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

राज्य शासन के दिशा निर्देश के तहत सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों के छात्रों का ब्लड ग्रुप का रिकार्ड अपडेट किया जाना है। इसके तहत यूडाइस कोड में प्रत्येक छात्रों की संपूर्ण जानकारी एकत्र की जाएगी। जिसमें ब्लड ग्रुप प्रमुखता से शामिल किया गया है। इस समय स्कूली छात्र अपने अभिभावकों के साथ रक्त परीक्षण प्रयोगशाला में अपना ब्लड टेस्ट करवा रहे हैं।

शहर के विभिन्न हिस्सों में व उपनगरीय क्षेत्रों में चल रहे ब्लड टेस्ट लैब में इस समय स्कूली छात्र बड़ी संख्या में ब्लड ग्रुप की जांच के लिए पहुंच रहे हैं। लैब संचालक प्रत्येक छात्र से 100 रुपए ब्लड टेस्ट का शुल्क वसूल रहे हैं। राज्य शासन के निर्देश के तहत पहली से 12वीं क्लास के छात्रों का ब्लड टेस्ट कराया जाना अनिवार्य है। इस निर्देश के तहत शिक्षा विभाग ने सभी शासकीय अशासकीय के स्कूल प्रबंधन को यूडाइस कोड में ब्लड ग्रुप दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं। विभागीय आदेश के तहत निजी स्कूल और शासकीय स्कूलों के छात्रों के ब्लड ग्रुप का डाटा कलेक्ट करने का काम शुरु कर दिया है। जिले में शासकीय अशासकीय स्कूलों को मिलाकर 1900 शैक्षिणक संस्थाएं संचालित हैं। इनमें नर्सरी स्कूल भी शामिल है। ब्लड ग्रुप दर्ज करने के लिए पहली कक्षा में दर्ज बच्चों का ही डाटा लिया जाएगा। फिलहाल नर्सरी स्कूलों के बच्चों के विषय पर ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आयी है। नगर निगम के अंतर्गत निजी स्कूलों की संख्या अधिक है। जहां बच्चों की संख्या भी सर्वाधिक है। इनके प्रबंधक भी शासन के इस नियम का पालन करा रहे हैं।

### शासन के निर्देश पर सभी स्कूलों में चल रहा अभियान

**खास बातें**
- छात्रों के स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चल रही योजना
- रिकार्ड होगा अपडेट


फाइल फोटो

**चल रहा अभियान**

जिले के सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों में कक्षा पहली से 12वीं तक अध्ययनरत छात्रों का ब्लड ग्रुप का डाटा संकलित किया जा रहा है जिसे यूडाइस कोड में दर्ज किया जाना है। जिसके लिए रक्त परीक्षण अनिवार्य है।

-संजय अग्रवाल
बीईओ, कोरबा

## इन्सॉल्वेंसी की प्रक्रिया से गुजर रही लैंको कंपनी

# अडानी ने लैंको संयंत्र को खरीदने लगाई 4 हजार करोड़ की बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अडानी समूह की कंपनी अडानी पावर कारोबार को बढ़ाने के लिए नए सौदों पर ध्यान दे रही है। इस कड़ी में अडानी पावर को पावर सेक्टर की एक संकटग्रस्त कंपनी में काफी संभावनाएं दिख रही हैं। दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही इस पावर कंपनी के लिए अडानी पावर ने दूसरी बार अपनी बोली बढ़ाई है और अब नया ऑफर 4 हजार करोड़ रुपये के पार निकल गया है।

उल्लेखनीय है कि मिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, अडानी पावर ने दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कंपनी लैंको अमरकंटक पावर को खरीदने के लिए फिर से अपनी बोली बढ़ाई है. अडानी पावर ने अब लैंको अमरकंटक के लेंडर्स को 4 हजार एक सौ करोड़ रुपये का ऑफर दिया है। यह 6 सप्ताह के भीतर दूसरा मौका है, जब अडानी पावर ने आर्थिक संकटों से जूझ रही लैंको अमरकंटक पावर प्लांट को खरीदने के लिए बोली बढ़ाई है। अडानी पावर ने सबसे पहले दिसंबर 2022 में लैंको अमरकंटक पावर को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। उस समय अडानी पावर ने 2 हजार 9 सौ 50 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था। बाद में कंपनी ने पिछले महीने यानी नवंबर 2023 में बोली को बढ़ाकर नया ऑफर पेश किया था तब अडानी समूह की कंपनी ने 3 हजार 6 सौ 50 करोड़ रुपये का बढ़ा हुआ ऑफर पेश किया था। अब इसे बढ़ाकर 4 हजार एक सौ करोड़ रुपये कर दिया गया है।

**खास बात**
- लैंको संयंत्र को खरीदने से पहले भी बोली लगा चुका चुकी है अडानी पावर


फाइल फोटो

### लैंको अमरकंटक की मौजूदा क्षमता

लैंको अमरकंटक पावर दिवालिया होने के बाद इन्सॉल्वेंसी की प्रक्रिया से गुजर रही है। कंपनी जिले के पहंदा के सीमप कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट का संचालन कर रही है। कंपनी के कोरबा स्थित पावर प्लांट की मौजूदा क्षमता 600 मेगावाट की है, जबकि 1320 मेगावाट क्षमता का काम पाइपलाइन में है। यह एसेट अडानी पावर के लिए रणनीतिक तौर पर अहमियत रखता है।

### मुकेश अंबानी भी ले रहे थे दिलचस्पी

लैंको अमरकंटक को खरीदने की रेस में पहले कई अन्य बड़े नाम भी शामिल थे। उनमें मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज भी शामिल थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2103 करोड़ रुपये का ऑफर पेश किया था। वहीं पीएफसी की अगुवाई वाले एक कंसोर्टियम ने 3020 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था। अडानी पावर ने एम समय खुद को रेस से बाहर कर लिया था। हालांकि अब अडानी की कंपनी लैंको अमरकंटक को खरीदने में फिर से दिलचस्पी ले रही है।

# लूट व मारपीट का मुख्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस महकमें उस समय हड़कंप मच गया, जब लूट और मारपीट का मुख्य आरोपी पुलिस कर्मियों को चकमा देकर भाग निकला। घटना के वक्त एक पुलिस कर्मी दो आरोपी को जेल दाखिल करा रहा था, जबकि दो पुलिस कर्मी बाहर मौजूद थे इसी दौरान मुख्य आरोपी दोनों पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गय और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

उल्लेखनीय है कि तुलसीनगर निवासी पत्रकार उमेश यादव के साथ बीते 26 अगस्त की रात मारपीट व लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस दौरान बदमाशों ने 1 लाख 50 हजार नगदी व तीन मोबाईल लूट कर फरार हो गए थे। मामले में मानिकपुर पुलिस ने मारपीट और लूट का अपराध पंजीबद्ध किया था। पुलिस आरोपियों की पतासाजी कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने मुख्य आरोपी पोंडीबहार निवासी राहुल चौहान के अलावा दर्री निवासी विजय कंवर व पंप हाउस में रहने वाले अर्जुन यादव को गिरफ्तार कर लिया। मामले में वैधानिक कार्रवाई उपरांत तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। इसके लिए पुलिस चौकी मे तैनात आरक्षक संजय साहू, रतन राठौर व नगर सैनिक राजेश दुबे की ड्यूटी लगाई गई थी। बताया जा रहा है कि पुलिस कर्मी कोर्ट से जेल ⏭ शेष पेज 10 पर

**खास बातें**
- जेल दाखिल करने के पहले ही आरोपी भागा, पुलिस को नहीं लगी भनक
- जमानत नहीं मिलने पर जेल दाखिल करने गए थे पुलिस कर्मी


गोल घेरे में फरार आरोपी।

### जवानों पर गिर सकती है कार्यवाही की गाज

जेल दाखिल करने के दौरान मारपीट के मुख्य आरोपी के फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आला अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने फरार आरोपी राहुल चौहान की तलाश शुरू कर दी। हालांकि अब तक फरार आरोपी राहुल चौहान का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। इस पूरे मामले में पुलिस जवानों पर कारवाई की गाज गिर सकती है। दरअसल आरोपियों को जेल दाखिल करते समय नगर सैनिक राजेश दुबे वाहन में बैठा था, जबकि आरक्षक रतन राठौर दूर खड़ा था। एक आरक्षक संजय साहू ही दो आरोपी को लेकर जेल के भीतर पहुंचा था। यदि उक्त दोनों आरक्षक भी सावधानी बरतते तो आरोपी को फरार होने से रोका जा सकता था।

# अपचारी बालक को 10 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रेम प्रसंग के चलते भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसे मौत के घाट उतारने वाले व बीच बचाव करने वाली बहन पर भी चाकू से हमला करने वाले आरोपी अपचार बालक को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा न्यायालय ने 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

थाना बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत निवासरत अपचारी बालक ने 7 सितंबर 2022 को कुदरीपारा में कुलदीप केंवट को धारदार चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंची कु संजीवनी पर भी चाकू से हमला कर दिया था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर बांकीमोंगरा पुलिस ने धारा 302, 307 के तहत मामला पंजीबद्ध कर अपचारी बालक को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई माननीय जितेन्द्र कुमार सिंह द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा के न्यायालय में चल रहा था। अतिरिक्त लोक अभियोजक अशोक कुमार आनंद ने बताया कि प्रार्थीया 7 सितंबर 2022 को अपनी सहेली के साथ अपचारी बालक के घर गई थी और वहां से अपनी मां श्रीमती उमा यादव को मोबाईल से बतायी थी कि वह वहां पर है। तब उसके भाई कुलदीप केंवट को रात्रि 7 बजे लेने के लिए भेज दे। जिसके बाद उसकी मां ने भाई कुलदीप केंवट को उसकी सहेली अपचारी बालक की बहन के यहां भेजी इस दौरान वहां पर उसकी सहेली अपचारी बालक की बहन और अपचारी बालक खड़े थे, जिन्हें देखकर मृतक कुलदीप केंवट बोला कि तुम उसकी बहन संजीवनी यादव से क्यों गंदी एवं गलत बात करते हो, उसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ तो अपचारी बालक ने कुलदीप केंवट को गाली दिया, तब दोनों में हाथापायी होने लगा और इसी बीच अपचारी बालक अपने घर से एक धारदार चाकू लाकर कुलदीप केंवट को बांये तरफ छाती के उपर वार कर दिया। जिसे देखते हुए कु संजीवनी यादव दौड़ी और अपने भाई कुलदीप केंवट का बचाव करने लगी। इसी दौरान अपचारी बालक ने कु संजीवनी को मार दूंगा कहते हुए चाकू से हमला कर दिया जिसे वह अपने हाथ से रोकी तो ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**
- प्रेम प्रसंग के चलते भाई-बहन पर किया था जानलेवा हमला

# शाखा डाकघर में लटके ताले, ग्रामीण डाकिए गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सात सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश भर के ग्रामीण क्षेत्र के डाकिये अखिल भारतीय डाक सेवक संघ के आह्वान पर 12 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसी कड़ी में जिले के 98 शाखा डाकघर और 3 उप डाकघर में पदस्थ ग्रामीण डाक सेवक के हड़ताल पर चले जाने से ग्रामीण क्षेत्रों की डाक प्रबंधन व्यवस्था प्रभावित हो गई है।

अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर गए ग्रामीण डाक सेवक संघ के सदस्यों ने मंगलवार को मुख्य डाकघर कोसाबाड़ी क्षेत्र के सामने ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बातें**
- अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ ने की अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा
- जिले के 98 शाखा डाकघर में पदस्थ हैं 240 डाकिए


प्रदर्शन करते ग्रामीण डाक सेवक।

### उम्र गुजर गई नहीं हुए नियमित

धरने में शामिल ग्रामीण डाक सेवक संघ के सदस्यों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में डाक बांटते उनकी उम्र गुजर गई किंतु उनके नियमितीकरण को लेकर कोई पहल नहीं की गई और वह अभी भी नियमितीकरण की आश में बैठे हैं। वेतन भी उन्हें 12 हजार रुपए के लगभग मिलता है। वर्तमान में विभाग द्वारा ग्रामीण डाक सेवक के पद पर भर्ती की प्रक्रिया शुरु की गई है किंतु पुराने कर्मचारियों के नियमितीकरण पर पहल नही हुई है।

## केंद्र की योजनाओं पर ही चल रहा है कार्य, जनचौपाल और समीक्षा बैठक की होगी शुरुआत

# नई सरकार के आदेश के इंतजार में सरकारी दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चुनाव संपन्न होने के बाद प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही शासकीय कार्यों को लेकर प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारियों को नए दिशा निर्देश का इंतजार बना हुआ है। जब तक कोई नए निर्देश नहीं आ जाते तब तक बड़े प्रोजेक्ट के कार्यों पर विराम लगा हुआ है। वर्तमान में केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन मातृ वंदन योजना के कार्य ही चल रहे हैं। निर्माण कार्यों को लेकर कोई भी कार्य योजना नहीं बनी है।

जिले में अधिकांश बड़े कार्य ग्रामीण अंचलों में ही चल रहे थे। इनके अलावा कुछ ऐसे कार्य थे जो या तो टेंडर की प्रक्रिया में थे या फिर जिनका टेंडर ही नहीं हुआ था। ऐसे निर्माण कार्य ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग के कार्य शामिल हैं। दोनों निर्माण एजेंसियों के कार्यों को लेकर चुनाव आचार संहिता पूर्व टेंडर जारी हुए थे। जिनमें सेतु निगम के पुल का निर्माण प्रमुखता से शामिल था। पूर्व सरकार के समय ग्रामीण अंचलों के नदी नालों में पुल निर्माण कर पहुंच मार्ग बनाया जाना शामिल था। सेतु निगम के 75 लाख के कार्य ऐसे हैं जिनसे छोटे नालों में पुल का निर्माण किया जाना था। उक्त कार्यों को शुरु करने को लेकर सेतु निगम को नए निर्देश का इंतजार बना हुआ है। टेंडर की प्रक्रिया में होने के कारण कार्य शुरु नहीं हो सके थे। विभाग की मानें तो वर्तमान रेट से ही टेंडर जारी रहेगा या नए रेट निर्धारित होंगे इसके लिए विभाग से निर्देश मिलने के बाद ही काम शुरु हो सकेगा। यही स्थिति मत्स्य पालन विभाग की है। जिसके द्वारा किसानों को मछली पालन के प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षण भवन बनाने का प्रस्ताव तैयार था। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा मुख्यालय में प्रशिक्षण भवन बनाने की योजना है। सबसे अधिक मछली बीज का उत्पादन बांगो बांध से होता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए प्रशिक्षण भवन बनाने की ⏭ शेष पेज 2 पर



फाइल फोटो

### पेंशन प्रकरणों के प्रस्ताव पर कार्य शुरु

समाज कल्याण विभाग के माध्यम से शहरी और ग्रामीण अंचलों के निराश्रित, विधवा पेंशन के आवेदनों पर काम शुरु हो गया है। ग्राम पंचायत मुख्यालय से पेंशन के हितग्राही अपने आवेदन समाज कल्याण विभाग में जमा कर रहे हैं। पूर्व में पेंशन हितग्राहियों के भौतिक सत्यापन का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। पंचायतों से पेंशन प्रकरणों की सूची के भौतिक सत्यापन की आवश्यकता विभाग के द्वारा जताई गई है। सांख्यिकी विभाग ने भी ग्राम पंचायतों से मृत्यु प्रकरण का रिकार्ड मांगा है किंतु पंचायत मुख्यालय से स्पष्ट जानकारी नहीं आने तक भौतिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए आंकलन शिविर

**कोरबा।** समग्र शिक्षा अंतर्गत कलेक्टर सौरभ कुमार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप के निर्देश पर विगत दिवस विकासखण्ड करतला में दिव्यांग बच्चो हेतु आकलन शिविर आयोजित हुआ। शिविर में जिला अस्पताल की विभिन्न विशेषज्ञों की टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य व दिव्यांगता का आंकलन किया गया। आंकलन शिविर में कुल 86 बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत 9 बच्चों को 40 प्रतिशत से ऊपर की दिव्यांगता पाई गई जिसका प्रमाणपत्र मेडिकल टीम द्वारा बनाया जा रहा है। साथ ही कुछ जरूरत मंद बच्चों को ट्राई साइकल, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप



### पुरानी बस्ती में हुआ अक्षत कलश का भव्य स्वागत

**कोरबा।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होने जा रहा है। इसका न्योता देने के लिए अयोध्या से अक्षत कलश भेजे गए हैं। इनमें पीले चावल रखे हैं। जिले में भी यह कलश पहुंचा है। गायत्री मंदिर सीएसईबी चौक से विभिन्न ग्रामों, नगर, वार्डों में इनकी स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में घर-घर की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अक्षत कलश का वितरण किया गया। अक्षत कलश यात्रा निकालने की कड़ी में पुरानी बस्ती में भी यह यात्रा निकाली गई। सुबह मां दुर्गा सेवा समिति के लोग गायत्री मंदिर पहुंचे पहुंचे। यहां पर विधि विधान से अक्षत कलश यात्रा की पूजा अर्चना की गई। समिति के लोगों ने गायत्री मंदिर से अक्षत कलश लेकर यह यात्रा प्रारंभ की। रवि साउंड के पास पहुंचने पर अक्षत कलश यात्रा का ढोल-ताशा, आतिशबाजी और पुष्प वर्षा के साथ लोगों लोगों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। यात्रा में शामिल राम भक्तों पर गली मोहल्ले में पुष्प वर्षा की गई। यात्रा का समापन मां दुर्गा मंदिर रानी गेट पुरानी बस्ती में हुआ। अयोध्या में बना रहे राम मंदिर निर्माण के लिए जान जान की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इन दोनों अलग-अलग अक्षत कलश यात्रा का आयोजन जगह-जगह किया जा रहा है।

### प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में नैतिकता अत्यंत आवश्यक : संजय



**कोरबा।** इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में नैतिक मूल्यों का जीवन में महत्व विषय पर कार्यशाला का आयोजित की गई। कार्यशाला में विशेष रूप से माउंट आबू राजस्थान से पधारे भगवान भाई ने विद्यालय के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि नैतिक मूल्य को अभाव में हम कैसे अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। कैसे हमारा जीवन नर्क के समान हो जाता है। बीके भगवान जी ने शिक्षा का सही उद्देश्य विद्यार्थियों को समझाया। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में नैतिकता अत्यंत आवश्यक है। बिना नैतिक मूल्यों के हमें समाज में सम्मान नहीं मिलता। धन एवं बल से भी ज्यादा महत्वपूर्ण होता है नैतिक मूल्य। हमारा व्यवहार और चरित्र नैतिकता दिखाता है जिससे हम जीते हैं। धर्मी व्यक्ति वह है जिसने नैतिक मूल्यों को विकसित किया है और उनके द्वारा जीवन जीता है।

### प्रदेश के नए सीएम विष्णु देव से मिले देवेंद्र



**कोरबा।** भाजपा नेता देवेंद्र रायपुर प्रवास के दौरान प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। मुलाकात के दौरान श्री पांडेय ने कहा कि श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास होगा। आम जनता के लिए जन कल्याणकारी शासकीय योजनाएं चलाई जाएंगी।

### घर के सामने से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** जिले में बाइक चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के कॉलरी मैनेजर के बंगले के सामने से बाइक की चोरी हो गई। बाइक गांधीनगर सिरकीखुर्द में रहने वाले केदारनाथ प्रजापति की है। वह बाइक से कॉलोरी मैनेजर के बंगले में सब्जी लेकर गया था। बाइक को लॉक करके बंगले के सामने खड़ी किया था। वापस लौटने पर बाइक नहीं था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में चोरी का केस दर्ज किया है।

## शासन के आदेश का इंतजार बैंक प्रबंधन को, वर्ष 2015-16 और 2016-17 वर्ष का दिया जाना है बोनस

# किसानों को पिछले दो वर्ष की बोनस की तैयारी, खंगाले जाएंगे रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा सरकार के घोषणा पत्र में किसानों को अपने कार्यकाल का पिछले दो वर्ष का बोनस देने के किए गए वादे का इंतजार किसानों के साथ साथ बैंक प्रबंधन को भी बना हुआ है। हालांकि किसान मंडियों में अपना धान बेच रहे हैं वहीं बैंक प्रबंधन शासन के उस आदेश का इंतजार कर रहा है जिसमें उसे सरकार को बीते दो वर्ष में खरीदे गए धान की मात्रा और धान बेचने वाले किसानों का डाटा भेजना होगा। बैंक प्रबंधन ने अपने स्तर पर तैयारियां कर रहा है। शासन के पत्र का उसे इंतजार है।

नई सरकार बनने के साथ ही उन किसानों के चेहरे में चमक बढ़ गई जिन्होंने भाजपा के कार्यकाल के दौरान वर्ष 2015-16 और 2016-17 में अपना धान बेचा था किंतु दो वर्ष का उन्हें बोनस प्राप्त नहीं हुआ था। हालांकि उस दौरान जिले में किसानों की संख्या भी कम हुआ करती थी। 17-18 हजार किसान ही धान बेचा करते थे और लक्ष्य भी 8-9 लाख क्विंटल के करीब हुआ करता था और समर्थन मूल्य भी कम था। वर्तमान में नई सरकार के घोषणा पत्र में किए गए वादों के तहत बोनस पिछले दो वर्ष का देना है और किसानों को यह उम्मीद लगी है कि उन्हें पिछला बोनस मिलेगा केवल सरकार गठन का इंतजार है। बताया जाता है कि संभवतः 3 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से किसानों को बोनस मिलेगा। नई सरकार के आदेश के इंतजार में बैंक प्रबंधन बैठा हुआ है। जैसे ही शासकीय आदेश बैंक प्रबंधन को मिलेंगे। उसके द्वारा अपने पास उपलब्ध किसानों की संख्या जिन्होंने वर्ष 2015-16 व 2016-17 में धान बेचे थे उनके द्वारा कितना धान बेचा गया इन सबका एक विस्तृत विवरण बैंक प्रबंधन सरकार को भेजना होगा। हालांकि उसके द्वारा अपने स्तर पर तैयारियां की जा रही है। उस दौरान 27 आदिवासी सेवा सहकारी सेवा समिति और 14 उप केंद्रों के माध्यम से धान की खरीदी होती थी। कुल 41 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदा जाता था। आज उपार्जन केंद्र की संख्या 65 तक पहुंच गई है और धान बेचने वाले किसानों की संख्या तिगुनी हो गई है। उस दौरान लिंकिंग के माध्यम से भी खरीदी हुआ करती थी। लिहाजा लोन लेने वाले किसानों की वसूली भी धान बिक्री की रकम से हो जाती थी। अब लिंकिंग से धान खरीदी बंद कर दी गई है लेकिन वर्तमान में जिन किसानों ने लोन लिया है उसकी वसूली जारी है। अब 31 सौ रुपए क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी का आदेश नहीं आया है।



फाइल फोटो

### 40 दिन में 30 दिन हुई खरीदी

जिले में 1 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हुई थी। शुरुआती दौर में फसल कटाई नहीं होने से धान की रफ्तार कम रही लेकिन जैसे जैसे फसल कटने लगी, मंडियों में आवक भी बढ़ने लगी। सप्ताह में शनिवार और रविवार अवकाश होने के कारण नवंबर माह में 8 दिन खरीदी बंद रही। 30 नवंबर तक 94 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई थी जैसे ही चुनाव परिणाम आया धान खरीदी ने रफ्तार पकड़ी लेकिन इस दौरान मौसम खराब होने से एक बार फिर खरीदी में ब्रेक लगा, मुश्किल से समितियों में 3 से 4 हजार क्विंटल ही धान आ पा रहे थे। मौसम साफ होने के बाद से खरीदी ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। समिति प्रबंधकों के द्वारा खरीदी भी तेज कर दी गई है। 2 हजार से अधिक किसानों ने अब तक धान बेचा है। 1 नवंबर से 10 दिसंबर तक इस 40 दिन में 30 दिन ही खरीदी की गई है।

### पुराने दर पर ही खरीदी

नई सरकार ने 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी किए जाने की घोषणा की है। किंतु इस संबंध में शासन से कोई नया आदेश नहीं आया है। लिहाजा अभी भी 2183 रुपए के पुरानी दर पर धान की खरीदी हो रही है। सरकार गठन के बाद नए आदेश आने के बाद से ही नए दाम पर खरीदी होगी। वर्तमान में जो किसान धान बेच चुके हैं, नए आदेश के बाद जो अंतर की राशि आएगी उसे किसानों के खाते में जारी किया जाएगा। दोनों ही मामले में बैंक प्रबंधन को आदेश का इंतजार है। अब तक जिले के सभी 65 केंद्रों में धान की बोहनी हो चुकी है। मौसम खराब होने की वजह से कुछ समय के लिए खरीदी की रफ्तार में ब्रेक लगा था। अब तक 2194 किसानों ने धान बेचा है। जिनका भुगतान भी उनके खाते में किया जा चुका है। कुल 2914 किसानों के द्वारा उत्पादित धान केंद्रों में पहुंची है। 29.77 करोड़ रुपए की यह धान 1 लाख 36 हजार क्विंटल बताई गई है।

# ट्रांसजेंडर व हैंडिकैप्ड को बढ़ावा देने सेलिब्रिटी अवार्ड शो का आयोजन

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में 28 जनवरी को सेलिब्रिटी अवॉर्ड शो आयोजित की गई है। शो में मिस्टर मिस एंड मिसेस का मॉडलिंग शो ब्राइडल कंपटीशन रखा गया है। शो की सेलिब्रिटी ऑर्गेनाइजर अंजू कुर्रे ने उक्त जानकारी प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी।

ऑर्गेनाइजर अंजू कुर्रे ने कहा कि हमारे मानव समाज के बीच ऐसे भी लोग हैं जिससे हम दूरी बनाकर रखते हैं ऐसी मानसिकता को दूर करने के लिए हम हमारे बीच रहने वाले हैंडिकैप्ड भाई, बहन और ट्रांसजेंडर लोगों को भी एक शानदार प्लेटफार्म दे रहे हैं। उनमें भी कुछ खूबियां और टैलेंट होती हैं जिनको वह दुनिया के सामने दिखा नहीं पाते। इसलिए मिस्टर, मिस एंड मिसेस मॉडलिंग शो में सामान्य प्रतिभागियों के साथ उन्हें भी टैलेंट दिखाने का एक प्लेटफार्म दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड सेलिब्रिटी और फेमिना मिस इंडिया की विजेता जोया अफरोज है जो कि बॉलीवुड के कई फिल्मों में काम कर चुकी है। वह हमारे इस शो में उपस्थित रहेगी और इस प्रतियोगिता में जीतने वाले लोगों को वह अपने हाथ से सम्मानित कर अवार्ड देगी। प्रेस वार्ता के दौरान ऑर्गनाइजर अंजू कुर्रे, अश्वनी अनंत के अलावा सपोर्टर ऑर्गनाइजर मिनाक्षी श्रीवास, प्रीति कोशले,ज्योति शर्मा, वीआईपी गेस्ट ममता पटेल, बिग सपोर्टर अमृता दास, आशिष भार्गव, विक्रान्त, शुभम ,गजेन्द्र, भक्तराज,नाजनीन, प्रक्रिति शर्मा,साहिबा, सविता,करन पटेल उपस्थित थे।

### खास बातें

- राजीव गांधी आडिटोरियम में होगा कार्यक्रम
- गरीब बच्चों, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को नि :शुल्क एंट्री



पत्रकारवार्ता में उपस्थित जागृति फाउंडेशन के सदस्य।

### ब्राइडल मेकअप कंपटीशन भी होगा

छत्तीसगढ़ के अंदर इतनी सुंदर मेकअप आर्टिस्ट है जिनको हम जानते नहीं है या उनको प्लेटफार्म नहीं मिल पाता है जो कि अपना कार्य दिख नहीं पाते हैं ऐसे मेकअप आर्टिस्ट के लिए हम ब्राइडल मेकअप कंपटीशन का आयोजन कर रहे हैं। जिसमें वह भाग लेकर अपना का कला दिखा सकती हैं और छत्तीसगढ़ में अपना नाम रोशन कर सकती हैं।

### समर बने 66वें राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता के विजेता

**कोरबा।** नई दिल्ली में आयोजित शूटिंग (रायफल) के 66वीं नेशनल चैंपियनशिप में समर प्रताप सिंह ने सफलता हासिल की। उन्होंने 6सौ में से 598.3 स्कोर अर्जित कर अपने परिजनों और मार्गदर्शक के सपनों को साकार किया। वह आगामी वर्ष 2024 में इंटरनेशनल खेल के ट्रायल में भाग लेंगे। टेलीकॉम कंपनी के मैनेजर सत्यदेव सिंह के बेटे समर प्रताप सिंह ने 16 वर्ष की उम्र में नेशनल लेवल के प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व बनाया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के साथ विजेता बनने वाले समर प्रताप ने बताया कि शुरुआत से लेकर वे अब तक अनेक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के साथ सफलता प्राप्त करते रहे हैं। उनका मानना है कि पूरी ईमानदारी से प्रशिक्षण लेने और सही दिशा में आगे बढ़ने से लक्ष्य प्राप्त करने में मुश्किल नहीं होती। समर को मिली सफलता पर शिक्षण संस्थान के साथ-साथ कई सामाजिक संगठनों ने बधाई दी।



# सड़ी-गली हालत में मिली अधेड़ की लाश



घटनास्थल की जांच करते पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम भाटापारा निवासी सुखलाल धनवार पिता चैतराम धनवार उम्र 55 वर्ष का शव सड़े गले हालत में मिला। मंगलवार की सुबह राहगिरों ने शव देखा जिसके बाद ग्राम नेवसा के कोटवार को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही हरदीबाजार पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यवाही में जुट गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मृतक के हालात को देखते हुए डॉग स्क्वायड टीम, सीएसपी दर्री भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। संभावना जताई जा रही है कि सुखलाल धनवार लघुशंका के लिए बैठा होगा इसी दौरान हार्ट अटैक आ गया होगा। सुखलाल धनवार की दो पुत्री है जिनकी शादी हो चुका है। सुखलाल अकेले लाठी के सहारा लेकर इधर-उधर घूमता रहता था। मंगलवार को उसकी सड़े गले मृत हालत में शव देखा गया। घर वालों ने अपने बेटी के घर गया होगा सोचकर उतना ध्यान भी नहीं दिया। इसी बीच दो दिनों से नेवसा के समीप सड़क किनारे आने जाने वालों को बदबू आ रहा थी जो कि किसी जानवर के मृत होना समझा जा रहा था। फिलहाल पुलिस टीम के द्वारा जांच पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

# मुख्यालय में नहीं रहते राजस्व विभाग के पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव कार्य हेतु संलग्न किए गए राजस्व पटवारियों को कार्यमुक्त किए जाने के बाद भी पटवारी अपने मुख्यालय में आम पक्षकारों को नहीं मिल रहे हैं। जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने वाले आम पक्षकार के साथ छात्र छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ पटवारी मुख्यालय का चक्कर काट रहे हैं। विभागीय कार्यों का आड़ लेकर मुख्यालय में अनुपस्थित रहते हैं।

जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र के आवेदनों पर चुनाव की वजह से कार्यवाही लंबित पड़ी थी। पटवारियों के चुनाव कार्य में संलग्न रहने के कारण सभी तरह के राजस्व संबंधी कार्यों पर विराम लग गया था उनमें से एक जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र जारी होना प्रमुख रुप से शामिल है और इन प्रमाण पत्रों को जारी होने से पहले पक्षकार के संबंधित हल्के के पटवारी का प्रतिवेदन आवश्यक रहता है और इस प्रतिवेदन के बिना शासन के इस महत्वपूर्ण दस्तावेज का जारी मुश्किल रहता है और उससे भी मुश्किल कार्य हल्का पटवारी का अपने मुख्यालय में रहना रहता है। चुनाव संपन्न होने के बाद आम पक्षकारों को यह उम्मीद जगी थी कि उनके लंबित कार्य के पूरा होने में गति आएगी किंतु स्थिति उम्मीद के अनुरुप नहीं रही। आम पक्षकार जिसमें छात्र छात्राएं भी शामिल होते हैं उन्हें अपने शैक्षणिक कार्यों के लिए जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनवाना आवश्यक है। जिसके लिए पटवारी प्रतिवेदन उन्हें समय पर नहीं मिल पा रहा। शहर के पुराने बस स्टेंड स्थित पटवारी मुख्यालय की यही स्थिति नजर आती है। जहां प्रतिदिन महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं अपने छात्रवृत्ति आवेदन के लिए आय प्रमाण पत्र बनवाने हेतु पटवारी प्रतिवेदन लेने प्रतिदिन मुख्यालय में पहुंच रहे हैं किंतु वहां एक गैर शासकीय कर्मचारी के पास ही उन्हें सारी जानकारी मिलती है। कई मर्तबा पक्षकार पटवारी प्रतिवेदन हेतु उसी के पास आवेदन देने की मजबूरी हो जाती है। कमोबेश यही स्थिति भैसमा तहसील व बरपाली तहसील के अंतर्गत आने वाले पटवारी मुख्यालय की भी है। इस संबंध में यह भी बताया जाता है कि हल्का पटवारी जमीन सीमांकन के लंबित कार्यों का निराकरण करने मुख्यालय में रहने के बजाए फील्ड में रहते हैं। यही कारण है एक निश्चित समय मुख्यालय में रहने का निर्धारित नहीं है।

### खास बातें

- भटक रहे हैं आम पक्षकार
- जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र के लिए छात्र काट रहे हैं चक्कर




### दस्तावेज जारी करने के काम रुके नहीं हैं

तहसील कार्यालय से दस्तावेज जारी करने के कार्य रुके नहीं हैं, दस्तावेज जारी किए जा रहे हैं। जहां तक पटवारियों के मुख्यालय में नहीं रहने का मामला है तो संबंधित हल्का पटवारी से जानकारी लेंगे। विभागीय कार्यों की वजह से फील्ड में रहने के भी निर्देश हैं, अगर कहीं किसी पटवारी के मुख्यालय में नहीं रहने की शिकायत है तो इसे देखेंगे।

**-मनीष देव साहू,** तहसीलदार, कोरबा

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# सीईओ ने फसल बीमा योजना के प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वर्ष 2023-24 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी रबी फसल टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू के लिए बीमा हेतु अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। इसी तारतम्य में सीईओ श्री विश्वदीप ने पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का किसानों को लाभ पहुंचाने हेतु जनजागरूकता के लिए मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

उद्यान विभाग के सहायक संचालक श्रीमती आभा पाठक ने बताया कि शासन द्वारा साग-सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक ऋणी-अऋणी किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कम्पनी, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। रबी वर्ष 2023-24 के अंतर्गत टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू की फसलें शामिल हैं। इस हेतु इच्छुक ऋणी अऋणी कृषक 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में सभी ऋणी/अऋणी (भूधारक एवं बटाईदार) जो इस योजना में शामिल होने के इच्छुक हैं ऐसे कृषकों को घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराए जाने के लिए किसानों को उन फसलों के लिए निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत प्रीमियम राशि के रूप में देना होगा, शेष प्रीमियम की राशि 50-50 प्रतिशत राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा।






